# कार्यालय–रोगी कल्याण समिति
## सदर अस्पताल अररिया अररिया

sadarhospitalararia@gmail.com
मोबाईल नं0–9470209932

पत्रांकः– 192

प्रेषकः–
सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
रोगी कल्याण समिति, सदर अस्पताल अररिया।

सेवा में,
जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
अररिया।

अररिया,दिनांकः– 06-08-2026

विषयः–ममता कर्मियों की स्वेच्छिक नियोजन हेतु आम सूचना NIC के माध्यम से देने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि सदर अस्पताल अररिया में कुल 29 ममता कर्मियों की प्रोत्साहन राशि आधारित स्वेच्छिक नियोजन किया जाना है। जिसके लिए आवेदन पत्र दिनांक–10.08.2026 से 25.08.2026 तक कार्यालय अवधि में बंद लिफाफा हाथो–हाथ या स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री पोस्ट से जमा किया जाना है। उक्त हेतु आम सूचना को NIC के माध्यम से देने हेतु अग्रेतर कारवाई करना चाहेंगे।

संलग्नः–नियोजन हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश एवं आवेदन प्रपत्र।

06.08.26

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
रोगी कल्याण समिति,
सदर अस्पताल अररिया।

# कार्यालय–रोगी कल्याण समिति

## सदर अस्पताल अररिया अररिया

sadarhospitalararia@gmail.com

मोबाईल नं0–9470209932


## ममता कर्मियों की स्वेच्छिक नियोजन हेतु आम सूचना

अररिया,दिनांकः–

पत्रांकः–

दिनांकः–13.05.2026 को जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति सदर अस्पताल अररिया की अध्यक्षता में अहुत रोगी कल्याण समिति की बैठक में प्रस्ताव संख्या–05 में लिए गए निर्णय के आलोक में सदर अस्पताल अररिया में कुल 29 ममता कर्मियों की प्रोत्साहन राशि आधारित स्वेच्छिक नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

## ममता कर्मियों की स्वेच्छिक नियोजन हेतु अहर्ता

1. ममता कार्यकर्ता हेतु रविदास समुदाय का होना अनिवार्य है।
2. महिला की उम्र 25 से 50 वर्ष के बीच हो तथा महिला अधिकतम 60 वर्ष की आयु तक ही ममता कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत रहेंगी।
3. महिला सदर अस्पताल अररिया के 5 किलोमीटर के क्षेत्र की निवासी होना चाहिए।
4. महिला का अपना एक वर्ष या उससे कम उम्र का बच्चा नहीं हो।
5. महिला किसी भी प्रकार के संक्रामक रोगों से संक्रमित नहीं हो इसके लिए महिला की चिकित्सा जॉच की जाएगी।
6. किसी भी जाति (वर्ग) समुदाय के महिलाओं की देखभाल करने के लिए तत्पर हो।
7. महिला शराब, धुम्रपान, तम्बाकू जैसे नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करती हो। इसके लिए अभ्यर्थी को एक शपथ पत्र देना होगा।
8. अस्पताल के लिए निर्धारित ममता को संख्या से अधिक आवेदन आने पर वैसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता अधिक होगी उनका चयन किया जाएगा।
9. ममता कार्यकर्ता स्वैक्षिक सेवा प्रदान करने वाली महिला होंगी यह किसी भी प्रकार से सरकारी कर्मी नहीं होंगी और ना ही भविष्य में सरकारी कर्मी होने का दावा करेंगी। यह पुर्णतः स्वैच्छिक सेवा प्रदाता होंगी जिनके कार्यों के लिए इनको प्रोत्साहन राशि का भुगतान सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा।

## आवेदन पत्र के साथ समर्पित किए जाने वाले दस्तावेज

1. शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र यथा मिडिल/मैट्रीक से लेकर उच्चतर शिक्षा का मार्कशीट/प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति।
2. आधार कार्ड एवं निवासी प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
3. जाति प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
4. महिलाओं का अपना एक वर्ष या उससे कम उम्र का बच्चा नहीं होने का शपथ–पत्र मुल प्रति।
5. महिला शराब/धुम्रपान/तम्बाकु/नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करती हैं इसका शपथ–पत्र मुल प्रति।
6. उम्र सत्यापन हेतु जन्म प्रमाण–पत्र या मैट्रीक स्तर का प्रमाण–पत्र जिसमें जन्म दिन अंकित हो।

# कार्यालय–रोगी कल्याण समिति

## सदर अस्पताल अररिया अररिया

sadarhospitalararia@gmail.com

मोबाईल नं0–9470209932


## चयन प्रक्रिया

1. ममता का चयन रोगी कल्याण समिति सदर अस्पताल के द्वारा मेधा के अधार पर किया जाएगा।

## अपीलीय प्राधिकार

यदि किसी आवेदक को ममता कार्यकर्ता के चयन में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो परिवादी अपने नाम, पता के साथ शपथ–पत्र (नोटरी के माध्यम से) के साथ जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति सदर अस्पताल अररिया को मेधा सूची प्रकाशित होने के 7 दिनों के अंदर आवेदन समर्पित करेंगे। आरोपों की जॉच जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित दावों को विधिवत सुनकर किया जाएगा तथा जॉच के क्रम में चयन प्रक्रिया के गलत पाए जाने पर तथा दिशा–निर्देश में निहित अनुदेशों का पालन नहीं होने की स्थिति में उपरोक्त जॉच प्रक्रिया पुर्ण करते हुए ममता के चयन को रद्द करने के संबंध में आदेश रोगी कल्याण समिति को देंगे तथा नए ममता के चयन का अदेश भी निर्गत करेंगे।

## ममता का कार्यकाल

प्रतिदिन एक पाली में 8 घंटे का कार्य रोस्टर के अनुसार करना होगा। प्रत्येक ममता से आठ घंटे का कार्य लिए जाने के उपरान्त ही प्रोत्साहन राशि देय होगा।

## ममता के कार्यो का अनुश्रवण

ममता के कार्यो का अनुश्रवण अधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक के द्वारा किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधक ही स्वास्थ्य संस्थान स्तर पर ममता के नोडल पदाधिकारी होंगे।

## ममता कार्यकर्ता का कार्य

- ममता का मुख्य कार्य अस्पताल में प्रसव के लिए आई महिला का प्रसव पूर्व एवं प्रसव के उपरान्त जन्म लिए हुए नवजान शिशु एवं प्रसुता की देख–भाल करना है।
- संस्थागत प्रसव के अन्तर्गत एक प्रसुति को 48 घंटे अस्पताल में रहना सुनिश्चित करना।
- प्रसव के एक घंटे के अंदर नवजात शिशु को स्तनपान कराना।
- नवजान शिशु का वजन प्रसुति की साफ–सफाई नवजात शिशु का रोगों के लक्षण की पहचान कर संबंधी चिकित्सक/नर्स को बताना टीकाकरण हाईपोथर्मियॉ, कम वनज के शिशुओं की देखभाल कंगारू केयर आदि को निष्पादित करना।
- प्रसुति को पोषण एवं संतुलित आहार के बारे में जानकारी देना।
- बच्चों के वृद्धि एवं विकास से संबंधित आयामों पर प्रसुती एवं उनके परिवार के सदस्यों को सलाह देना।
- नवजात शिशु के टीकाकरण/पोषण की जानकारी के साथ दस्त एवं निमोनिया आदि रोगों से बचाव के बारे में जानकारी देना।
- प्रसव हेतु आई महिलाओं के बीच जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के लाभ के बारे में प्रचार–प्रसार करना।

# कार्यालय–रोगी कल्याण समिति

## सदर अस्पताल अररिया अररिया

sadarhospitalararia@gmail.com

मोबाईल नं0–9470209932

➤ प्रसुति एवं नवजात शिशु की अन्य आवश्यकताओं का ध्यान रखना।

**ममता कार्यकर्ता का निष्कासन/पदमुक्त करना**

ममता कार्यकर्ताओं द्वारा अपने कर्तव्यों का संतोषप्रद निर्वहन नहीं किए जाने, उनके द्वारा कार्य में अनियमितता/लापरवाही/कोताही बरते जाने तथा बिना किसी कारण 15 दिनों से अधिक अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण पुछने के पश्चात जवाब असंतोषप्रद पाए जाने पर अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति उन्हें चयन मुक्त करेंगे।

आवेदक निर्धारित प्रारूप में दिनांक–10.08.2026 से दिनांक–25.08.2026 को संध्या 05:00 बजे तक हाथो–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय अवधि में अवकाश का दिन छोड़कर निचे दिये गये पते पर जमा कराया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पताः–

प्रभारी अधीक्षक कार्यालय
पुराना भवन, कमरा संख्या–38
सदर अस्पताल अररिया पिन–854311

06.8.26

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
रोगी कल्याण समिति,
सदर अस्पताल अररिया।

ज्ञापांकः–

अररिया,दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सभी सदस्यगण रोगी कल्याण समिति, सदर अस्पताल अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर **NIC** को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि **NIC Araria** के **website** पर **uplod** करना चाहेंगे।

प्रतिलिपिः– सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अररिया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति, सदर अस्पताल अररिया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

06.8.26

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
रोगी कल्याण समिति,
सदर अस्पताल अररिया।

# कार्यालय–रोगी कल्याण समिति

## सदर अस्पताल अररिया अररिया

sadarhospitalararia@gmail.com

मोबाईल नं0–9470209932


## ममता कार्यकर्ता नियोजन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो

1. आवेदक का नामः–
2. पिता/पति का नामः–
3. स्थायी पताः–

4. जातिः–

आवेदन की तिथिः–

5. जन्म तिथिः–
6. शैक्षणिक योग्यताः–

   मिडिल :–
   मैट्रिक :–
   इन्टर :–
   स्नातक :–
   स्नाकोत्तर :–
7. आधार संख्याः–

ममता कार्यकर्ता के लिए निर्धारित अर्हता से संबंधित सभी प्रमाण–पत्रों/शपथ–पत्रों की छाया प्रति संलग्न करेंगे। मेधा सूचि में आने के उपरान्त **Document Verification** के समय मुल प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य होगा। संलग्न छाया प्रति के अनुसार मुल प्रमाण–पत्र का मिलान किया जाएगा।

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांकः–